# Investors Summit: हाथरस में 156 निवेशकों ने 3290 करोड़ के इंवेस्ट का दिया प्रस्ताव, 12862 को मिलेगा रोजगार

हाथरस

हाथरस इन्वेस्टर्स समिट में 156 निवेशकों से जिले में 3290.98 करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। अगर यह प्रस्ताव धरातल पर उतरते हैं तो इससे जिले में 12862 लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।



हाथरस इंवेस्टर्स समिट - फोटो : अमर उजाला

## विस्तार

उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर कैला फार्म में आयोजित जनपद स्तरीय इन्वेस्टर्स समिट में 156 निवेशकों से जिले में 3290.98 करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। अगर यह प्रस्ताव धरातल पर उतरते हैं तो इससे जिले में 12862 लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

जनपद स्तरीय समिट का आयोजन सासंद राजवीर सिंह दिलेर की अध्यक्षता में किया गया। इसमें हाथरस सहित अन्य जनपदों के 200 से अधिक उद्यमियों, निवेशकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में पंजीकरण के दौरान लगभग 1200 करोड़ के अतिरिक्त निवेश प्रस्ताव देने के लिए तैयार हुए हैं, जिसके माध्यम से 12862 व्यक्तियों को रोजगार मिलने की प्रबल संभावनाए विकसित हुईं हैं। इसमें मुख्यत: सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, मेडिकल, डेयरी, खाद्य, हैंडलूम, उच्च शिक्षा, उद्यान, रियल स्टेट, पर्यटन एवं यूपीसीडा के भी प्रस्ताव शामिल हैं।

इन्वेस्टर्स समिट में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का जनप्रतिनिधियों व जिला स्तरीय अधिकारियों ने भ्रमण कर अवलोकन किया। 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' हस्ताक्षर कार्यक्रम के तहत सभी ने हस्ताक्षर किए। सांसद राजवीर सिंह दिलेर ने कहा कि लखनऊ में 10 से 12 फरवरी के मध्य ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट होने जा रहा है। हाथरस को हींग के रूप में एक नई पहचान मिली है। उन्होंने सभी उद्यमियों व निवेशकों से आह्वान किया कि भयमुक्त शासन एवं एकल खिड़की क्लियरेंस नीति का लाभ उठाते हुए अधिक से अधिक निवेश करें।

**निवेशकों को लुभा रहा प्रदेश का उद्योग फ्रेंडली माहौल**

जिलाधिकारी अर्चना वर्मा ने कहा कि आज हाथरस एवं यहां के उद्योगों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है। यूपी को 1 ट्रिलियल डॉलर इकॉनोमी बनाने का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रदेश में विगत कुछ वर्षों में उद्योग फ्रेंडली माहौल बना है। उन्होंने समिट में प्राप्त 3290.98 करोड़ से अधिक के प्रस्ताव पर निवेशकों एवं उद्यमियों का आभार व्यक्त किया।

होटल टूरिज्म में निवेश किया जाएगा। सलेमपुर औद्योगिक क्षेत्र में जगह मिलने के बाद नया होटल तैयार किया जाएगा। इससे करीब 200 लोगों को रोजगार मिलेगा। करीब बीस करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। अभी

समिट में पॉलिसी समझने आए हैं। **- मनोज बूटिया, होटल कारोबारी**

- उद्योग बढ़ेंगे तो जीडीपी भी बढ़ेगी। जब तक उद्योग नहीं बढ़ेंगे तब तक तरक्की नहीं होगी। दो यूनिट लगाने लिए आवेदन किया है। गायत्री फूड व जीएस ग्लोबल नई कंपनी बनाई है। इन यूनिटों से प्रत्यक्ष तरीके से 150 लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से 500 लोगों को रोजगार मिलेगा। **- प्रदीप गोयल, औद्योगिक आस्थान सचिव**

- उद्योग को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। समिट में पॉलिसी की जानकारी की जाएगी। उसके बाद निवेश किया जाएगा। नई फैक्टरी लगाने पर विचार किया जा रहा है। इससे करीब 100 लोगों को रोजगार मिलेगा। **- बांके बिहारी अग्रवाल, रंग उद्यमी**

- यहां जगह मिलने पर स्टील की फर्नीस का प्लांट लगाया जाएगा। हमारे साथ पार्टनर में रिषी बिंदल रहेंगे। करीब दो करोड़ रुपये का निवेश करेंगे। इससे 100 लोगों को रोजगार मिलेगा। अभी निवेश की पॉलिसी समझ रहे हैं। **- रूपेश गर्ग, कारोबारी**

- सलेमपुर औद्योगिक आस्थान में आलू के पाउडर, नमकीन आदि बनाने के लिए 15 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया है। आलू का पाउडर विदेशों तक जाएगा। जिले में करीब 100 से अधिक लोगों को इसके जरिये रोजगार मिलेगा। **- महेंद्र सिंह सोलंकी, कारोबारी**

## जगह की लोकेशन से तय होंगे जमीन के दाम

इन्वेर्स्ट समिट में आए अधिकारियों ने बताया कि जगह के दर लोकेशन के आधार पर तय होंगे, न कि भूमि के दर तय हो। इसके लिए जिस लोकेशन की भूमि होगी। उसी के आधार पर दर होंगे।

## पानी की उपयोगिता पर दिया गया बल

जिले के कई ब्लॉकों में लगातार जल स्तर गिर रहा है, इसलिए इंडस्ट्रीज लगाने के दौरान भूजल के प्रबंध करने होंगे। भूजल अधिनियम 2019 के तहत वर्षा के जल को संचित करने के लिए वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम होना जरूरी है। इसके लिए उपभोक्ता पंजीकरण करना होगा। एक बार प्रमाणपत्र

लेने पर पांच साल तक काम करेगा। फ्लोर मित्र के जरिये पानी की खर्च की जानकारी मिलेगी। यदि कोई इससे ज्यादा पानी को खर्च करता है तो उसे अलग से राशि अदा करनी होगी।

**पर्यटन नीति से बढ़ा सब्सिडी का दायरा**

समिट के दौरान पर्यटन सूचना अधिकारी विशाल श्रीवास्तव ने कहा कि पर्यटन नीति में सब्सिडी का दायरा बढ़ा है। पर्यटन को उद्योग का दर्जा मिला है। इसमें 20 से 25 फीसदी सब्सिडी का प्रावधान हैं। साथ ही पर्यटन से संबधित एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी निवेशकों को दिखाई गई।

**एक दर्जन से अधिक विभागों का रहा सहयोग**

मंगलवार को शहर के अलीगढ़ रोड स्थित एक फार्म हाउस में हुई इन्वेस्टर्स समिट में एक दर्जन से अधिक विभागों ने स्टॉल लगाए। इन स्टॉलों पर संबधित विभाग के जिम्मेदारी अधिकारी खुद मौजूद रहे। साथ ही जनप्रतिनिधि व अधिकारियों ने स्टॉलों का निरीक्षण भी किया।